राजस्थान पत्रिका पेज-२
दिनांक - २१।१२।२०२५


**सीएम पटेल ने टीटागढ़ रेल सिस्टम्स का दौरा कर मेट्रो रेल कोच किए लॉन्च**

# अहमदाबाद शहर को पहली मेक इन इंडिया मेट्रो ट्रेन मिली

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**गांधीनगर.** अहमदाबाद को उसकी पहली मेक इन इंडिया मेट्रो ट्रेन मिली है। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने शनिवार को कोलकाता के निकट टीटागढ़ रेल सिस्टम्स प्लांट का दौरा कर मेट्रो रेल कोच लांच किए। यह ट्रेन पूरी तरह से ऑटोमेटेड-ड्राइवरलेस है, जो ग्रेड ऑफ ऑटोमेशन 4 के तहत आती है। टीटागढ़ रेल सिस्टम्स लिमिटेड को गुजरात मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (जीएमआरसीएल) की ओर से 10 ट्रेनों का ऑर्डर दिया गया है। ये ट्रेनें अहमदाबाद मेट्रो के फेज-2 के 21 किलोमीटर के कार्य के पूरा होने पर उपयोग में लाई जाएंगी। यह ट्रेन अंतिम परीक्षणों और प्रमाणपत्रों के बाद जल्द ही अहमदाबाद पहुंचेगी। शेष 9 ट्रेनें भी आगामी 5-6 माह में चरणबद्ध तरीके से प्रदान की जाएंगी।

पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत को गति देने वाला यह कदम गुजरात के लिए गर्व का विषय है। अहमदाबाद को मिल रही यह मेट्रो ट्रेन शहर में मेट्रो रेल व्यवस्था की बढ़ती मांग तथा लोकप्रियता को पूरा करने के साथ पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम्स को सुगम बनाएगी। उन्होंने कहा कि यह मेट्रो ट्रेन अहमदाबाद की संस्कृति और परंपरा को दर्शाती है। इसमें उच्च गुणवत्ता वाले स्टेनलेस स्टील और विशेष रंगों का उपयोग किया गया है। टीटागढ़ प्लांट के इंजीनियरों ने सीएम को बताया कि यह मेट्रो ट्रेन उच्च कोटि की फायर सेफ्टी सहित अन्य सुरक्षा सुविधाओं से लैस है।





कोलकाता के निकट टीटागढ़ रेल सिस्टम्स प्लांट का शनिवार को दौरा कर मेट्रो रेल कोच लांच करते गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल।

**मेट्रो ट्रेन की विशेषताएं**

- ग्रेड ऑफ ऑटोमेशन-4 तकनीक पर आधारित
- पूरी तरह से ड्राइवरलेस
- ट्रेन के रंग और डिजाइन में अहमदाबाद की संस्कृति व परंपरा की झलक
- उच्च स्तरीय फायर सेफ्टी, आधुनिक सुरक्षा प्रणालियां, अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप सुविधाएं उपलब्ध
- उच्च गुणवत्ता वाले स्टेनलेस स्टील से बनी

## हर दिन 1.6 लाख से ज्यादा यात्री करते हैं सफर

**पटेल ने** कहा कि अहमदाबाद मेट्रो हाल में प्रतिदिन 1.6 लाख से अधिक यात्रियों को सेवा देती है। इसमें वार्षिक 30-40 प्रतिशत की वृद्धि हो रही है। आने वाले दिनों में मेट्रो रेल सेवा का यह दायरा बढ़ाया जाएगा। सूरत में भी मेट्रो कार्यरत होने वाली है। टीटागढ़ रेलवे सिस्टम्स प्लांट नेक्स्ट जनरेशन वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों और अन्य शहरों के लिए मेट्रो ट्रेनों के उत्पादन में भी शामिल है। यह प्लांट भविष्य में भारत के महत्वाकांक्षी हाईस्पीड कार्यक्रम के लिए उच्च गति की ट्रेनें बनाने की क्षमता विकसित कर रहा है। इसके अलावा कंपनी भारत की सबसे बड़ी वेगन उत्पादक कंपनी है और नौसेना के लिए जहाजों का उत्पादन भी करती है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के मुख्य सलाहकार डॉ. हसमुख अढिया, जीएमआरसीएल के प्रबंध निदेशक एस. एस. राठौड़, और टीटागढ़ रेल सिस्टम्स के प्रबंध निदेशक उमेश चौधरी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।